Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 मई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-may-2020

संस्कृति पर्व पत्रिका

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'संस्कृति पर्व पत्रिका' के विशेषांक 'भारत 1946-2020, नोआखाली से दिल्ली तक' (India 1946-2020 From Noakhali to Delhi) के ई-संस्करण का लोकार्पण किया है। 'संस्कृति पर्व पत्रिका' के इस विशेषांक में भारत रत्न मदन मोहन मालवीय जी का अंतिम वक्तव्य, जो 1946 के कल्याण विशेषांक में छपा था, उसे पुन: प्रकाशित किया गया है। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि धर्म, अध्यात्म और दर्शन के साथ-साथ अपने वास्तविक इतिहास की स्थापना बहुत ज़रूरी है और संस्कृति पर्व पत्रिका इस लक्ष्य की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रही है। देश मे विगत कुछ समय में ऐसी घटनाएँ हुई हैं जिनके कारण यह विशेषांक विशेष वाचनीय है। उल्लेखनीय है कि 'संस्कृति पर्व पत्रिका' भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य एवं अध्यात्म के विषयों पर केंद्रित है, और इसका प्रकाशन बीते दो वर्षों से अनवरत किया जा रहा है।

आत्मनिर्भर गुजरात सहाय योजना

हाल ही में गुजरात सरकार ने 'आत्मानिभर गुजरात सहाय योजना' (Atmanirbhar Gujarat Sahay Yojna-AGSY) की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, निम्न मध्यम आय वर्ग के लोग 2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर बैंकों से 1 लाख रुपए का गारंटी-मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य आम जनमानस के समक्ष COVID -19 के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने में मदद करना है। वहीं राज्य सरकार इस योजना के तहत ऋण देने वाले बैंकों को 6 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगी। इस योजना का सामान्य लक्षय इस संकटपूर्ण स्थिति में निम्न और मध्य आय वर्ग के लोगों तथा छोटे व्यापारियों की सहायता करना है। इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, योजना के तहत दिये गए ऋण की अवधि तीन वर्ष की होगी और किस्त का भुगतान ऋण प्राप्ति के 6 महीने बाद शुरू होगा। इस योजना की सूचना देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'इस योजना के तहत ऋण आवेदन के आधार पर प्रदान किया जाएगा, जिसमें किसी भी प्रकार की गारंटी की आवश्यकता नहीं होगी।

रॉबर्टो एज़ेवेडो

बीते दिनों कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के बीच विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization- WTO) के महानिदेशक (Director-General) रॉबर्टो एज़ेवेडो (Roberto Azevêdo) ने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी है। रॉबर्टो एज़ेवेडो के अनुसार, वे 31 अगस्त, 2020 को इस्तीफा दे देंगे। विदित हो कि

रॉबर्टो एज़ेवेडो ने ऐसे समय में अपने इस्तीफे की घोषणा की है जब संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी का सामना कर रहा है और अनुमान के अनुसार, आने वाले समय में इस वायरस के प्रभावस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व गिरावट आ सकती है। रॉबर्टो एज़ेवेडो के अनुसार, WTO सभी देशों को विश्व के जंगल कानून से दूर रखता है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वर्ष 2021 विश्व व्यापार संगठन (WTO) के लिये काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। रॉबर्टो एज़ेवेडो विश्व व्यापार संगठन (WTO) के छठे महानिदेशक हैं और इनकी उनकी नियुक्ति 1 सितंबर, 2013 को 4 वर्ष के कार्यकाल के लिये की गई थी। किंतु फरवरी 2017 में उन्हें दोबारा WTO के महानिदेशक के रूप में नियुक्त कर दिया और उनका दूसरा कार्यकाल सितंबर 2021 में समाप्त होने वाला था।

‘इवेंटबोट’ मैलवेयर

भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (Indian Computer Emergency Response Team- CERT-In) ने देश में तेज़ी से फैल रहे ‘इवेंटबोट’ (EventBot) नामक एक मैलवेयर को लेकर चेतावनी जारी की है। इस संबंध में CERT-In द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार, यह वायरस लोगों की बैंकिंग संबंधित जानकारियाँ चुराने के उद्देश्य से काफी तेज़ी से फैल रहा है। ‘इवेंटबोट’ एक प्रकार का ट्रोज़न मैलवेयर है, जो थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन के प्रयोग से उपयोगकर्त्ता के सिस्टम में पहुँच सकता है। ध्यातव्य है कि ट्रोज़न एक ऐसा मैलवेयर अथवा वायरस होता है जो प्रथम दृष्टया तो वैध लगता है, किंतु असल में इसका निर्माण उपयोगकर्त्ता के सिस्टम को नुकसान पहुँचाने के लिये किया जाता है। यह मैलवेयर उपयोगकर्त्ता के मैसेज भी पढ़ सकता है, जिसके अर्थ है कि यह टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन (Two Factor Authentication) को काफी आसानी से बायपास कर सकता है। ‘मैलवेयर; किसी कंप्यूटर को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से निर्मित किया जाने वाला एक प्रकार का सॉफ्टवेयर होता है, जो कंप्यूटर से संवेदनशील जानकारी चुरा सकता है और धीरे-धीरे कंप्यूटर को धीमा कर सकता है।